Regarding demand for Agricultural University and Technical Training Research Centre in Satna Parliamentary Constituency-laid

श्री गणेश सिंह (सतना) : हमारा भारत देश कृषि प्रधान देश है, लेकिन युवा पीढ़ी कृषि कार्य से दूर भाग रही है । मेरा लोक सभा क्षेत्र सतना जो कि मध्य प्रदेश में कृषि उत्पादन का एक महत्वपूर्ण स्थान है, लेकिन सतना में न तो कृषि आधारित शिक्षा हेतु महाविद्यालय है और न ही तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र है, जिस कारण मेरे संसदीय क्षेत्र के युवा एग्रीकल्चर की पढ़ाई से वंचित हैं । मेरी मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सतना में कृषि शिक्षा हेतु महाविद्यालय अथवा तकनीकी प्रशिक्षण अनुसंधान की स्थापना की जाय । महोदय अभी हाल ही में मेरे लोक सभा क्षेत्र में मैं हर नया जिला बना है, वहां पर कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना किये जाने हेतु स्वीकृति दी जाए ।